"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 446]   रायपुर, मंगलवार, दिनांक 10 अक्टूबर 2017 — आश्विन 18, शक 1939

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 10 अक्टूबर 2017

अधिसूचना

क्रमांक एफ 4–20/2016/18.– छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 (क्र. 37 सन् 1961) की धारा 86 सहपठित धारा 355 की उप–धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ राज्य नगरपालिका (कार्यपालन/यांत्रिकी/स्वास्थ्य) सेवा में सेवा के निबंधन तथा शर्तों के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:–

नियम

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारंभ.**– (1) ये नियम छत्तीसगढ़ राज्य नगरपालिका (कार्यपालन/यांत्रिकी/स्वास्थ्य) सेवा, भर्ती तथा सेवा की शर्तें नियम, 2017 कहलायेंगे।

   (2) ये नियम राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

   (3) ये नियम राज्य में सभी नगरपालिकाओं तथा नगर पंचायतों पर लागू होंगे।

2. **परिभाषाएं.**– (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

   (क) **"अधिनियम"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 (क्र. 37 सन् 1961);

   (ख) **"नियुक्ति प्राधिकारी"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ शासन;

   (ग) **"आयोग"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग;

   (घ) **"समिति"** से अभिप्रेत है अनुसूची–चार में यथा विनिर्दिष्ट विभागीय पदोन्नति समिति;

(ङ) **"परीक्षा"** से अभिप्रेत है इन नियमों के नियम 11 के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगी परीक्षा;

(च) **"शासन"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ शासन;

(छ) **"अन्य पिछड़े वर्ग"** से अभिप्रेत है राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना क्र. एफ–8–5–पच्चीस–4–84, दिनांक 26 दिसम्बर, 1984 द्वारा यथा विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग;

(ज) **"अनुसूची"** से अभिप्रेत है इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

(झ) **"अनुसूचित जाति"** से अभिप्रेत है भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथा विनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति;

(ञ) **"अनुसूचित जनजाति"** से अभिप्रेत है भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथा विनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति;

(ट) **"सेवा"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ राज्य नगरपालिका (कार्यपालन/यांत्रिकी/ स्वास्थ्य) सेवा;

(ठ) **"राज्य"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ राज्य।

(2) शब्द तथा अभिव्यक्तियां जो इसमें प्रयुक्त है किन्तु परिभाषित नहीं हैं, उनके वही अर्थ होंगे, जो छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 (क्र. 37 सन् 1961) में क्रमशः उनके लिये समनुदेशित है।

3. **लागू होना.**– छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे।

4. **सेवा का गठन.**– सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित होंगे, अर्थात्:–

(1) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के समय, अनूसूची–एक में विनिर्दिष्ट पदों को मूल रूप से या स्थानापन्न हैसियत से धारण कर रहे हों;

(2) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किये गये हों; और

(3) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गये हों।

5. **वर्गीकरण, वेतनमान इत्यादि.**– सेवा का वर्गीकरण, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या और उससे संलग्न वेतनमान, अनुसूची–एक में अंतर्विष्ट प्रावधानों के अनुसार होंगे:

परन्तु शासन, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या तथा वेतनमान में, समय–समय पर या तो स्थायी या अस्थायी आधार पर, वृद्धि या कमी कर सकेगा।

6. **भर्ती का तरीका.**– (1) इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात्, सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जाएगी, अर्थात्:–

(क) प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से मेरिट के आधार पर चयन द्वारा, सीधी भर्ती द्वारा;

(ख) सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा; या

(ग) ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति द्वारा, जो ऐसी सेवाओं में ऐसे पदों को मूल हैसियत में धारण करते हों, जैसा कि इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाये।

(2) उप–नियम (1) के खण्ड (क), (ख) या (ग) के अधीन भर्ती किये गये व्यक्तियों की संख्या, अनुसूची–एक में यथा विनिर्दिष्ट कर्तव्य पदों की संख्या के, अनुसूची–दो में दर्शाये गये प्रतिशत से किसी भी समय अधिक नहीं होगी।

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, भर्ती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरे जाने के लिए अपेक्षित सेवा में किसी विशिष्ट रिक्ति या रिक्तियों को, भरे जाने के प्रयोजन के लिये अपनाया जाने वाला भर्ती

(4) उप–नियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में, सेवा की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए ऐसा करना अपेक्षित हो, तो वह सेवा में भर्ती के उन तरीकों को छोड़, जिनको उक्त उप–नियम में विनिर्दिष्ट किया गया है, ऐसे तरीके अपना सकेगा, जिसे वह इस निमित्त जारी किये गये आदेश द्वारा विहित करे।

(5) सेवा में भर्ती के समय, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) के प्रावधान तथा शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश (यथा संशोधित) भी लागू होंगे।

7. **सेवा में नियुक्ति.**– इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात्, सेवा में समस्त नियुक्तियां, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जायेंगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति, नियम 6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के पश्चात् ही की जाएगी, अन्यथा नहीं।

8. **सीधी भर्ती हेतु पात्रता की शर्तें.**– सीधी भर्ती/चयन हेतु पात्र होने के लिये अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी, अर्थात्:–

(एक) **आयु**– (क) वर्ष, जिसमें पद हेतु विज्ञापन प्रकाशित होता है, की जनवरी के प्रथम दिन को, अभ्यर्थी ने अनुसूची–तीन के कॉलम (3) में यथा विनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो तथा उक्त अनुसूची के कॉलम (4) में यथा विनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो।

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों या अन्य पिछड़े वर्गों (गैर–क्रीमी–लेयर) का हो, तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ग) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार, महिला अभ्यर्थियों के लिए उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(घ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में भी, जो छत्तीसगढ़ शासन के कर्मचारी हैं अथवा रह चुके हैं, नीचे विनिर्दिष्ट की गई सीमा तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुए उच्चतर आयु सीमा शिथिलनीय होगी:–

(एक) ऐसा अभ्यर्थी, जो स्थायी या अस्थायी शासकीय सेवक हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिये;

(दो) ऐसा अभ्यर्थी, जो अस्थायी/स्थायी रूप से पद धारण कर रहा हो तथा किसी अन्य पद के लिये आवेदन कर रहा हो, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए। यह रियायत, आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों, कार्यभारित कर्मचारियों तथा परियोजना कार्यान्वयन समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को भी अनुज्ञेय होगी;

(तीन) ऐसा अभ्यर्थी, जो "छंटनी किया गया शासकीय सेवक" हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गयी संपूर्ण अस्थायी सेवा की अधिकतम 7 वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गयी सेवाओं का योग हो, कम करने के लिये अनुज्ञात किया जायेगा, परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

स्पष्टीकरण– शब्द "छंटनी किये गये शासकीय सेवक" से द्योतक है, ऐसा व्यक्ति जो इस राज्य की या किन्हीं भी संघटक इकाइयों की अस्थायी शासकीय सेवा में कम से कम छः माह की कालावधि तक निरंतर रहा हो और जिसे किसी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने या शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की

तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किये जाने के कारण सेवोन्मुक्त किया गया हो।

(ङ) ऐसा अभ्यर्थी, जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिये अनुज्ञात किया जायेगा, परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

स्पष्टीकरण– शब्द "भूतपूर्व सैनिक" से द्योतक है, ऐसा व्यक्ति, जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग का हो तथा जो भारत सरकार के द्वारा कम से कम 6 माह की कालावधि तक निरंतर नियोजित रहा हो तथा जिसकी किसी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के परिणामस्वरूप अथवा स्थापना में सामान्य रूप से कमी किये जाने के कारण छंटनी की गई हो अथवा जिसे अधिशेष (सरप्लस) घोषित किया गया हो:–

(एक) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें समय पूर्व सेवानिवृत्ति रियायतों के अधीन निर्मुक्त कर दिया गया हो;

(दो) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें दुबारा नामांकित किया गया हो, और जिन्हें–

(क) अल्पकालीन वचनबंध अवधि पूर्ण हो जाने पर;

(ख) नामांकन की शर्तें पूर्ण हो जाने पर, सेवोन्मुक्त कर दिया गया हो;

(तीन) मद्रास सिविल यूनिट के भूतपूर्व सैनिक;

(चार) ऐसे भूतपूर्व सैनिक (सैनिक तथा असैनिक), जिन्हें उनकी संविदा पूरी होने पर सेवोन्मुक्त किया गया हो, (जिनमें अल्पावधि सेवा के नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी सम्मिलित हैं);

(पाँच) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें अवकाश रिक्तियों पर छः माह से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किया गया हो;

(छः) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें अशक्त होने के कारण सेवा से अलग किया गया हो;

(सात) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया हो कि वे अब दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं हैं;

(आठ) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो।

(च) अस्पृश्यता निवारण नियम, 1984 के अधीन अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत पुरस्कृत दम्पत्तियों के सवर्ण पति/पत्नी के संबंध में उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(छ) शहीद राजीव पांडे सम्मान, गुण्डाधूर सम्मान, महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान प्राप्त अभ्यर्थियों तथा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त अभ्यर्थियों के संबंध में भी उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ज) ऐसे अभ्यर्थियों के संबंध में, जो छत्तीसगढ़ राज्य निगम/मण्डल के कर्मचारी हैं, उच्चतर आयु सीमा 38 वर्ष की आयु तक शिथिलनीय होगी।

(झ) स्वयंसेवी नगर सैनिकों तथा नगर सेना के नॉन कमीशंड अधिकारियों के मामले में, उनके द्वारा इस प्रकार की गई सेवा की कालावधि के लिये, उच्चतर आयु सीमा में, 8 वर्ष की सीमा के

अध्यधीन रहते हुए छूट दी जायेगी, किन्तु किसी भी दशा में उनकी आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(ञ) अभ्यर्थी, जिन्हें उनके संवर्ग (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ महिला/विधवा/तलाकशुदा इत्यादि) के आधार पर अधिकतम आयु सीमा में छूट का लाभ अभिप्राप्त हैं, को अधिकतम आयु सीमा में उपलब्ध अतिरिक्त छूट हमेशा की तरह मिलती रहेगी, किन्तु उपरोक्त उल्लिखित किसी एक या एक से अधिक संवर्गों के अधीन छूट का लाभ प्राप्त करने के उपरांत शासकीय सेवा हेतु पात्र होने के लिये अधिकतम आयु किसी भी दशा में 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(ट) उपरोक्त के अतिरिक्त, आयु सीमा के संबंध में, शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश भी लागू होंगे।

टीप– (1) ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें उपरोक्त नियम 8 के खण्ड (एक) के उप-खण्ड (घ) के पैरा (एक) तथा (दो) में उल्लिखित आयु संबंधी रियायतों के अधीन परीक्षा/चयन हेतु प्रवेश दिया गया हो, यदि वे आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात्, या तो परीक्षा/चयन के पूर्व या उसके पश्चात् सेवा से त्यागपत्र दे देते हैं, तो वे नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होंगे। तथापि, यदि आवेदन पत्र भेजने के पश्चात् सेवा या पद से उनकी छंटनी कर दी जाती है, तो वे पात्र बने रहेंगे।

(2) किसी अन्य मामले में, ये आयु सीमायें शिथिल नहीं की जायेंगी। विभागीय अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन हेतु उपस्थित होने के लिए नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुमति अभिप्राप्त करनी होगी।

(दो) शैक्षणिक अर्हतायें– अभ्यर्थी के पास सेवा के लिये यथा विहित ऐसी शैक्षणिक अर्हतायें होना चाहिये, जैसा कि अनुसूची-तीन में यथा दर्शित हैं।

(तीन) शुल्क– अभ्यर्थी को आयोग द्वारा यथा विहित शुल्क का भुगतान करना होगा।

9. निरर्हता.– (1) अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर, किन्हीं भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को, आयोग द्वारा परीक्षा/चयन हेतु उपस्थित होने के लिये निरर्हित माना जा सकेगा।

(2) कोई भी पुरूष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों और कोई भी महिला अभ्यर्थी, जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो, जिसकी पहले ही एक पत्नी जीवित हो, किसी सेवा या पद में नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा/होगीः

परन्तु यदि शासन का यह समाधान हो जाए कि ऐसा करने के विशेष कारण हैं, तो शासन, ऐसे अभ्यर्थियों को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

(3) कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा, जब तक कि उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में, जैसी कि विहित की जाये, मानसिक या शारीरिक रूप से स्वस्थ, तथा किसी मानसिक या शारीरिक दोष, जो किसी सेवा या पद के कर्तव्य को पूरा करने में बाधा डाल सकता हो से मुक्त, घोषित न कर दिया जायेः

परन्तु आपवादिक मामलों में, अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा के पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अधीन अस्थायी नियुक्ति दी जा सकेगी कि यदि वह चिकित्सीय रूप से अस्वस्थ पाया जाता है, तो उसकी सेवायें तत्काल समाप्त की जा सकेंगी।

(4) कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद के लिये उस स्थिति में पात्र नहीं होगा, यदि नियुक्ति प्राधिकारी का, ऐसी सम्यक् जाँच, जैसा कि आवश्यक समझा जाये, के पश्चात्, यह समाधान हो जाये कि वह (अभ्यर्थी) ऐसी सेवा या पद के लिए उपयुक्त नहीं है।

(5) कोई भी अभ्यर्थी, जिसे नैतिक अधोपतन से संबंधित किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगाः

परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों, तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जायेगा, जब तक कि उस आपराधिक मामले को न्यायालय द्वारा अंतिम रूप से विनिश्चय न कर दिया जाये।

(6) कोई भी अभ्यर्थी, जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा।

(7) कोई भी अभ्यर्थी, जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगाः

परन्तु कोई भी अभ्यर्थी, जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं होगा।

10. **अभ्यर्थियों की पात्रता के बारे में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा.**– (1) परीक्षा/चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता या अन्यथा के संबंध में, आयोग का विनिश्चय अंतिम होगा और किसी भी अभ्यर्थी को, जिसे आयोग द्वारा प्रवेश प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है, परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
(2) चयन प्रक्रिया के किसी समय पर अथवा शासन को चयन सूची भेजने के पश्चात् भी, यदि आयोग के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति पायी गई है, तो वह निरर्हित हो जायेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति, आयोग द्वारा समाप्त कर दी जायेगी।

11. **प्रतियोगी परीक्षा/चयन/साक्षात्कार द्वारा सीधी भर्ती.**– (1) सेवा में भर्ती के लिये चयन ऐसे अंतरालों पर किया जायेगा, जैसा कि आयोग शासन के परामर्श से, समय–समय पर विहित करे।
(2) आयोग, प्रतियोगिता परीक्षा ऐसे पाठ्यक्रम, परीक्षा योजना तथा निर्देशों के अनुसार आयोजित करेगा, जैसा कि शासन, आयोग के परामर्श से समय–समय पर घोषित करे।
(3) सेवा के लिए अभ्यर्थियों का चयन ऐसी रीति से किया जायेगा, जैसा कि आयोग द्वारा अवधारित किया जाये।
(4) सेवा में भर्ती के समय, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) के उपबंध तथा उक्त अधिनियम के अधीन शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश लागू होंगे।
(5) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय, उन अभ्यर्थियों, जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों एवं महिला, निःशंक्त व्यक्ति एवं भूतपूर्व सैनिक के सदस्य हैं, की नियुक्ति के लिए उसी क्रम में विचार किया जाएगा, जिस क्रम में उनके नाम नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में आये हों, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक रैंक कुछ भी क्यों न हो।
(6) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार 30% पद महिला अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रखे जायेंगे।
(7) उपरोक्त के अतिरिक्त, निःशक्त व्यक्ति तथा भूतपूर्व सैनिक के लिये पदों को, शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश के अनुसार आरक्षित रखा जायेगा।
(8) ऐसे मामलों में, जहां सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिये कुछ कालावधि का अनुभव आवश्यक शर्त के रूप में विहित किया गया हो और सक्षम प्राधिकारी की राय में यह पाया जाए कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर–क्रीमी–लेयर) से संबंधित अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, तो सक्षम प्राधिकारी, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर–क्रीमी–लेयर) के अभ्यर्थियों के लिये अनुभव की शर्त को शिथिल कर सकेगा।

12. **समिति द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची.**– (1) आयोग, उन अभ्यर्थियों की योग्यता क्रम में व्यवस्थित एक सूची, जो ऐसे स्तर से अर्हित हों, जैसा कि चयन समिति द्वारा अवधारित किया जाये तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों (गैर–क्रीमी–लेयर) से संबंधित उन अभ्यर्थियों की एक सूची, जो उस स्तर से

अर्हित नहीं है, किन्तु प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए सेवा में नियुक्ति के लिये आयोग द्वारा उपयुक्त घोषित किये गये हों, तैयार करेगी तथा शासन को अग्रेषित करेगी। इस प्रकार तैयार की गई सूची, सर्वसाधारण की जानकारी के लिये भी प्रकाशित की जायेगी।

(2) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिये उसी कम में विचार किया जायेगा, जिस कम में उनके नाम सूची में आये हों।

(3) सूची में अभ्यर्थियों के नाम सम्मिलित किये जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होता, जब तक कि शासन का, ऐसी जांच करने के पश्चात्, जैसा कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जाये कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है।

(4) रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आयोग द्वारा प्रत्येक प्रवर्ग के लिये एक चयन सूची तैयार की जायेगी, ऐसे प्रवर्ग के लिये एक प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जायेगी, जिसमें न्यूनतम एक नाम तथा रिक्त पदों के अधिकतम 25% तक नाम सम्मिलित होंगे। सूची की वैधता, ऐसी चयन सूची के जारी होने की तारीख से डेढ़ वर्ष की होगी।

स्पष्टीकरण– प्रत्येक प्रवर्ग में रिक्त पदों के 25% आंकलन के लिए, इसे पूर्णांक में लाने हेतु, अंक को अगले पूर्णांक तक बढ़ा दिया जायेगा।

(5) आयोग, उप–नियम (1) के अधीन तैयार की गई चयन सूची, शासन को नियुक्ति के संबंध में अग्रिम कार्यवाही हेतु अग्रेषित करेगा।

(6) किसी अभ्यर्थी को, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित हो, वैधता अवधि में कार्यभार ग्रहण न करने या त्यागपत्र देने या किन्हीं कारणों से योग्य न पाये जाने पर या वैधता अवधि के दौरान चयनित अभ्यर्थी की मृत्यु हो जाने पर, आयोग द्वारा प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों के नाम, नियुक्ति हेतु अनुशंसित किये जा सकेंगे।

(7) यदि प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों के नाम भेजे जाने के लिये शासन से अनुरोध प्राप्त होता है, तो आयोग उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार, प्रतीक्षा सूची से नाम अनुशंसित करेगा तथा इसे शासन को भेजेगा।

(8) आयोग, शासन से प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात्, शासन को युक्तियुक्त कारण दर्शाते हुए, अधिकतम 6 माह की कालावधि के लिए, चयन सूची की वैधता अवधि में वृद्धि कर सकेगा।

(9) चयन सूची की वैधता अवधि में 6 माह की वृद्धि किये जाने पर, प्रतीक्षा सूची की वैधता अवधि में 6 माह की स्वतः वृद्धि हो जाना माना जायेगा।

(10) उप–नियम (8) एवं (9) के अधीन तैयार की गई चयन सूची की वैधता में, आयोग द्वारा तब तक वृद्धि नहीं की जाएगी, जब तक कि शासन वृद्धि हेतु विधिमान्य कारण दर्शाते हुए कोई सिफारिश नहीं करता।

13. **परिवीक्षा.–** (1) सेवा में सीधी भर्ती किये गये प्रत्येक व्यक्ति को 2 वर्ष की कालावधि के लिये परिवीक्षा पर नियुक्त किया जायेगा।

(2) यदि कार्य असंतोषप्रद पाया जाता है, तो नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा परिवीक्षा की कालावधि, अधिकतम 1 वर्ष तक की अवधि के लिए बढ़ाई जा सकेगी।

(3) परिवीक्षा की कालावधि या बढ़ाई गई कालावधि के दौरान या परिवीक्षा की कालावधि के अंत में, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में कोई विशेष अभ्यर्थी, कर्मचारी/अधिकारी बनने हेतु योग्य नहीं है, तो ऐसे परिवीक्षाधीन की सेवायें समाप्त की जा सकेंगी।

14. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति.**– (1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिए, एक समिति गठित की जाएगी, जिसमें अनुसूची–चार में उल्लिखित सदस्य सम्मिलित होंगे:

परन्तु इस उप–नियम के अधीन समिति के गठन के लिए, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) की धारा 8 के उपबंध भी लागू होंगे।

(2) समिति की बैठक ऐसे अन्तरालों में होगी, जो साधारणतः एक वर्ष से अधिक न हो।

(3) पदोन्नति, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के अनुसार की जायेगी।

(4) आरक्षित रिक्तियों में पदोन्नति करने हेतु प्रक्रिया, उप–नियम (3) तथा शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार होगी।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन– नियुक्ति प्राधिकारी, अपने द्वारा जारी किए जाने वाले पदोन्नति आदेश पर, इस आशय के प्रमाणपत्र का पृष्ठांकन करेगा कि उसने छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) तथा छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंधों तथा उक्त अधिनियम के उपबंधों के प्रकाश में जारी निर्देशों तथा राज्य शासन द्वारा बनाये गये नियमों का पालन कर लिया है तथा उसने उक्त अधिनियम की धारा 6 की उप–धारा (1) के उपबंधों का पूर्ण संज्ञान लिया है।

15. **पदोन्नति के लिये पात्रता की शर्तें.**– (1) उप–नियम (2) के प्रावधानों के अध्यधीन रहते हुए, समिति उन समस्त व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की जनवरी के प्रथम दिन को, उन पदों में, जिनसे पदोन्नति की जानी है, जैसा कि अनुसूची–चार के कॉलम (3) में यथा विनिर्दिष्ट है या शासन द्वारा उसके समतुल्य घोषित किन्हीं अन्य पद या पदों पर (चाहे मूल रूप में या स्थानापन्न रूप में) उतने वर्षों की सेवा पूर्ण कर ली हो तथा जो उप–नियम (2) के उपबंधों के अनुसार विचारण क्षेत्र के भीतर आते हों।

स्पष्टीकरण– पदोन्नति के लिए पात्रता हेतु संगणना की रीति– संबंधित वर्ष, जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति आहूत की जाती है, की प्रथम जनवरी को अर्हकारी सेवा की कालावधि की गणना, उस कैलेण्डर वर्ष से की जाएगी, जिसमें लोक सेवक फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आया हो और संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आने की तारीख से नहीं।

(2) (एक) ऐसे मामलों में, जहाँ पदोन्नति, वरिष्ठता सह उपयुक्तता (सीनियारिटी कम फिटनेस) के आधार पर अथवा अनुपयुक्त अभ्यर्थी को छोड़कर वरिष्ठता के आधार पर की जानी हो, वहाँ सभी वर्गो के लिये विचारण हेतु कोई आधार नहीं होगा। केवल लोक सेवकों की ऐसी संख्या के प्रस्तावों पर वरिष्ठता के अनुसार विचार किया जायेगा, जो कि प्रत्येक प्रवर्ग में विद्यमान पदों तथा 1 वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति/पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्त पदों की संख्या को भरने के लिए पर्याप्त होगी।

(दो) ऐसे मामलों में, जहाँ पदोन्नति योग्यता सह वरिष्ठता (मेरिट कम सीनियारिटी) के आधार पर की जानी हो, वहाँ विचार का क्षेत्र कुल रिक्त पदों के दो गुने से चार अधिक होगा। यदि अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के शासकीय सेवकों की पर्याप्त संख्या, पदोन्नति के लिए उपलब्ध न हो, तो विचार के क्षेत्र में कुल रिक्त पदों के 7 गुने तक वृद्धि की जा सकेगी तथा आरक्षित पदों की पूर्ति, उपरोक्त उल्लिखित विचार क्षेत्र में से आये आरक्षित संवर्ग के व्यक्तियों से की जा सकेगी। समिति, उक्त विचार के क्षेत्र से प्रत्येक प्रवर्ग के अधीन विद्यमान तथा 1 वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए विचार करेगी।

(3) उप–नियम (2) के अधीन प्रत्याशित रिक्तियों के अतिरिक्त उपरोक्त कालावधि के दौरान होने वाली अप्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये, दो लोक सेवकों के या चयन सूची में सम्मिलित लोक सेवकों की संख्या के 25% तक, जो भी अधिक हो, के नाम सम्मिलित करने के प्रयोजन से प्रत्येक प्रवर्ग के लिए अपेक्षित संख्या में उनके नाम पर विचार किया जायेगा।

(4) शासन द्वारा विहित आरक्षण रोस्टर के अनुसार पदोन्नति की जायेगी।

(5) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के अन्य प्रावधान तथा शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी आदेश, पदोन्नति के लिये लागू होंगे।

16. उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची का तैयार किया जाना.– (1) समिति, ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी, जो उपरोक्त नियम 15 में विहित शर्तो को पूरी करते हों तथा जिन्हें समिति द्वारा सेवा में पदोन्नति के लिये उपयुक्त समझा गया हो। यह सूची, चयन सूची के तैयार किये जाने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त होगी।

(2) उपयुक्त अधिकारियों की सूची, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के प्रावधानों के अनुसार तैयार की जायेगी।

(3) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के अनुसार ऐसी चयन सूची की तैयारी के समय सूची में सम्मिलित कर्मचारियों के नाम, अनुसूची–चार के कॉलम (2) में यथा विनिर्दिष्ट सेवा या पद में उनके वरिष्ठता के क्रम में रखे जायेंगे।

स्पष्टीकरण– व्यक्ति, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित है, किन्तु जिसे सूची की विधिमान्यता के दौरान पदोन्नत नही किया गया हो, उन व्यक्तियों के ऊपर जिन पर प चातवर्ती चयन में विचार किया गया हो, केवल उसके पूर्वोत्तर चयन के तथ्य के आधार पर वरिष्ठता का कोई दावा नहीं होगा।

(4) यदि चयन, पुनर्विलोकन अथवा पुनरीक्षण की प्रक्रिया में, सेवा के किसी सदस्य का अवक्रमण किया जाना प्रस्तावित है, तो समिति, यथास्थिति, प्रस्तावित अवक्रमण के लिये अपने कारणों को अभिलिखित करेगी।

17. आयोग से परामर्श.– (1) नियम 16 के अनुसार तैयार की गई सूची, निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ शासन द्वारा आयोग को भेजी जायेगीः–

(एक) सूची में सम्मिलित सभी व्यक्तियों के अभिलेख।

(दो) अनुसूची–चार के कॉलम (2) में उल्लिखित ऐसे सभी व्यक्तियों के अभिलेख, जिनका सूची में यथा अनुशंसित अवक्रमण प्रस्तावित है।

(तीन) अनुसूची–चार के कॉलम (2) में यथा उल्लिखित सेवा के किसी व्यक्ति के प्रस्तावित अवक्रमण के लिये समिति के लेखबद्ध कारण।

(चार) समिति की अनुशंसाओं पर शासन की टिप्पणियाँ।

(2) यदि पदोन्नति समिति में, आयोग के अध्यक्ष अथवा कोई सदस्य, जिसे अध्यक्ष/आयोग द्वारा नामांकित किया गया हो, उपस्थित रहें हों तथा यदि बैठक की कार्यवाही विवरण पर अध्यक्ष सहित समिति के सभी सदस्यों के हस्ताक्षर हों, तो उप–नियम (1) के अधीन उपरोक्त कार्यवाही अनिवार्य नहीं होगी तथा यह माना जायेगा कि संविधान के अनुच्छेद 320 के खण्ड (3) के उप–खण्ड (ख) के अधीन आयोग से परामर्श संबंधी अपेक्षा का अनुपालन किया गया है तथा आयोग से पृथक परामर्श करना आवश्यक नहीं होगा।

18. चयन सूची.– (1) आयोग, शासन से प्राप्त हुए दस्तावेजों के साथ–साथ समिति द्वारा तैयार की गई सूची पर विचार करेगा, यदि इसमें कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं है, तो वह सूची को अनुमोदित करेगा।

(2) यदि आयोग, शासन से प्राप्त सूची में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझे, तो आयोग, प्रस्तावित परिवर्तनों के संबंध में शासन को सूचित करेगा तथा यदि शासन, इस पर विचार करने के पश्चात्, कोई मत प्रकट करे, तो ऐसे उपांतरणों सहित, यदि कोई हो, जो उसकी राय में न्यायसंगत एवं उचित प्रतीत हो, सूची को अनुमोदित करेगा।

(3) आयोग द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित चयन सूची, अनुसूची–चार के कॉलम (2) में उल्लिखित पदों से अनुसूची–चार के कॉलम (4) में यथा उल्लिखित पदों पर, सिविल सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिए अनुमोदित चयन सूची होगी।

(4) चयन सूची, सामान्यतः इसके तैयार किये जाने की तारीख से 31 दिसम्बर तक विधिमान्य रहेगीः

परन्तु चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से आचरण या कर्तव्य के निर्वहन में गंभीर चूक होने की दशा में, शासन के अनुरोध पर चयन सूची का विशेष रूप से पुनर्विलोकन किया जा सकेगा तथा आयोग, यदि वह उचित समझे, तो चयन सूची से ऐसे व्यक्ति का नाम हटा सकेगा।

19. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति.**– (1) चयन सूची में सम्मिलित कर्मचारियों की सेवा संवर्ग के पदों पर नियुक्ति में उसी क्रम का अनुपालन किया जायेगा, जिस क्रम में ऐसे कर्मचारियों के नाम चयन सूची में आये हों।
(2) साधारणतः उस व्यक्ति की जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित हो, नियुक्ति के पूर्व आयोग से परामर्श करना तब तक आवश्यक नहीं होगा, जब तक कि चयन सूची में उसका नाम शामिल किये जाने तथा प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख के बीच की कालावधि के दौरान उसके कार्य में ऐसी कोई गिरावट न आ जाये, जो शासन की राय में, सेवा में नियुक्ति के लिये उसे अनुपयुक्त सिद्ध करती हो।

20. **नियुक्तियां.**– (1) अधिनियम तथा इन नियमों में अंतर्विष्ट उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, राज्य शासन सेवा के समस्त श्रेणी में सभी पदों पर नियुक्तियां करेगा।
(2) यदि कोई अभ्यर्थी आदेश प्राप्त होने की तारीख से एक माह की कालावधि के भीतर वैध कारणों के बिना, अपना कार्यग्रहण करने में विफल रहता है तो नियुक्ति का उसका दावा समाप्त हो जायेगा। राज्य शासन, यदि उचित समझे, कार्यग्रहण करने हेतु समय में वृद्धि कर सकेगा।

21. **घोषणा.**– (1) राज्य में नगरपालिका सेवा के पद के विरुद्ध नियुक्त कोई व्यक्ति, सेवा में कार्यग्रहण करने के ठीक पूर्व उसके स्वामित्व की तथा उसके परिवार में आश्रित सदस्यों के स्वामित्व की स्थावर संपत्ति का विवरण घोषित करेगा। वह ऐसे रीति में, जैसा कि अपेक्षित किया जाये, भारत के संविधान के प्रति अपनी निष्ठा भी घोषित करेगा तथा यह भी घोषित करेगा कि वह राज्य के नगरपालिका सेवा के सदस्य के रूप में शासित करने वाले निबन्धनों तथा शर्तों से विज्ञ है।

(2) राज्य नगरपालिका सेवा का प्रत्येक सदस्य, निम्नलिखित के संबंध में उद्‌घोषणा का कथन प्रस्तुत करेगा:–

(क) किसी पार्षद या पदाधिकारी या नगरपालिका सेवाओं में नियोजित व्यक्ति से उसका सम्बन्ध;

(ख) किसी व्यक्ति से उनके द्वारा ली गई ऋण राशियों का विवरण; और

(ग) उसके द्वारा स्वामित्व या अर्जित अथवा उस पर आश्रित उसके कुटुम्ब के किसी सदस्य द्वारा चल और अचल संपत्ति।

(3) राज्य शासन, आदेश द्वारा, प्रारूप जिसमें ऐसी घोषणायें की जायेंगी, विहित कर सकेगा तथा व्यक्ति जो ऐसी घोषणा को अभिरक्षण में रखेगा, के संबंध में आदेश पारित कर सकेगा।

22. **चिकित्सा प्रमाणपत्र.**– इन नियमों में अंतर्विष्ट उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, सेवा में भर्ती किये गये किसी व्यक्ति से, यह अपेक्षा किया जायेगा कि वह राज्य शासन द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड से विहित प्ररूप में स्वस्थता का चिकित्सकीय प्रमाणपत्र यह दर्शाने के लिए अभिप्रमाणित करे और प्रस्तुत करे कि उसका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा है और वह ऐसे किसी शारीरिक विकार से मुक्त है जिससे उसके कार्यालयीन कर्तव्यों का निर्वहन करने में विघ्न पड़ने की संभावना है।

23. **स्थायीकरण.**– परिवीक्षाधीन किसी व्यक्ति को परिवीक्षा की कालावधि के पश्चात् स्थायी किया जायेगा, यदि,–

(क) उसने विहित प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया हो और विभागीय परीक्षा, यदि कोई हो, उत्तीर्ण कर ली हो; और

(ख) संचालक यह प्रमाणित कर दे कि उसकी जानकारी में उस परिवीक्षाधीन के संनिष्ठा के संबंध में कुछ भी प्रतिकूल नहीं आया है।

24. **पदकम सूची.**– सेवा के व्यक्तियों के लिए एक पदकम सूची ऐसे क्रम में तैयार की जायेगी, जिसमें उनके नाम, वरिष्ठता के कम में सूचीबद्ध हो:

परन्तु प्रत्येक शाखा या पदों के लिए पृथक पदकम सूची तैयार की जायेगी।

25. वरिष्ठता.— सेवा के सदस्यों की वरिष्ठता, निम्नलिखित सिद्धांतों के अनुसार अवधारित की जायेगी, अर्थात्:—

(क) सीधे भर्ती किये गये व्यक्ति— (एक) सेवा में सीधे भर्ती किये गये सदस्य की वरिष्ठता, परिवीक्षा की कालावधि के दौरान उसकी नियुक्ति की दिनांक के अनुसार अवधारित की जायेगी:

परन्तु यदि एक से अधिक व्यक्ति, परिवीक्षा पर साथ साथ नियुक्त किये गये हों तो उनकी वरिष्ठता ऐसे मेरिट क्रम के अनुसार अवधारित की जायेगी जिसमें समिति ने उनकी नियुक्ति के लिये अनुशंसा के साथ सूचीबद्ध किया हो।

(दो) ऐसे सीधी भर्ती किये गये व्यक्तियों के, स्थायीकरण पर, वरिष्ठता का कम वही होगा यदि स्थायीकरण का आदेश परिवीक्षा की सामान्य कालावधि की समाप्ति पर दिया गया हो। तथापि यदि किसी व्यक्ति की परिवीक्षा की कालावधि बढ़ा दी गई हो तो राज्य शासन यह अवधारित करेगा कि क्या उसे वहीं वरिष्ठता कम दी जानी चाहिए, जो उसकी (उस स्थिति में) दी गई होती, यदि वह किसी विस्तार के बिना परिवीक्षा की सामान्य कालावधि की समाप्ति के पश्चात्, स्थायी हो गया होता या उसे निचली वरिष्ठता कम दी जानी चाहिए।

(ख) पदोन्नत नगरपालिका अधिकारी— पदोन्नत नगरपालिका अधिकारी की वरिष्ठता की गणना उस वर्ग में जिस पर उसकी पदोन्नति की गई है, नियमित पदस्थापना की तारीख से की जायेगी:

परंतु जब दो या अधिक पदोन्नत नगरपालिका अधिकारी उसी तारीख से स्थायी किये जाए तो राज्य शासन, उसी क्रम में उनकी वरिष्ठता का अवधारण करेगा जिसमें उनके नाम निचली प्रवर्ग से पदोन्नति हेतु अनुशंसित सूची, यदि कोई हो, में आये हों:

परंतु यह और कि पदोन्नत नगरपालिका अधिकारी तथा सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त अभ्यर्थियों की वरिष्ठता कमशः उनकी पदोन्नति या नियुक्ति की तारीख के अनुसार अवधारित की जायेगी।

(ग) स्थानापन्न नगरपालिका अधिकारी— (एक) जब कोई स्थायी नगरपालिका अधिकारी निम्न ग्रेड या पद पर पदावनत कर दिया जाता है तो वह निचली ग्रेड में वरिष्ठता सूची में अन्य समस्त पश्चात्वर्ती व्यक्तियों के ऊपर स्थान पायेगा, जब तक कि ऐसी आदेश जारी करने वाला प्राधिकारी वरिष्ठता की भिन्न प्रास्थिति पदावनति आदेश में उपदर्शित न करे।

(दो) जब कोई स्थानापन्न नगरपालिका अधिकारी, अपनी मूलभूत सेवा या पद, जो वह अन्य सेवा या पद को स्थानांतरित होने से पूर्व धारण किया था, पर वापस कर दिया जाता है तो वह संबंधित सूची में वरिष्ठता के अपने स्थान पर वापिस होगा।

(तीन) उपरोक्त अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, नियम 11 के अधीन नियुक्त किये गये व्यक्तियों की वरिष्ठता की गणना उसे राज्य नगरपालिका सेवा के समान पद पर नियमित पदस्थापना की तारीख से की जायेगी।

26. अधिवार्षिकी.— सेवा का प्रत्येक सदस्य, ऐसी तारीख पर सेवानिवृत्त होगा जब वह द्वितीय श्रेणी शासकीय सेवकों के समान अधिवार्षिकी आयु प्राप्त कर लेता है।

27. कतिपय मामलों में सेवानिवृत्ति.— नियम 26 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, सेवा का कोई भी सदस्य, सेवा के पच्चीस वर्ष या पचपन वर्ष की उम्र पूर्ण कर लेने पर, राज्य शासन की अनुज्ञा से सेवानिवृत्त हो सकेगा। राज्य शासन, स्वप्रेरणा से तथा कोई कारण बताये बिना, सेवा के किसी भी व्यक्ति को सेवा के पच्चीस वर्ष या पचपन वर्ष की उम्र पूर्ण कर लेने के पश्चात्, चाहे वह अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर लिया हो या न किया हो, अनिवार्य

सेवानिवृत्ति कर सकेगा। ऐसे समस्त मामलों में, जहां राज्य शासन इस नियम के अधीन सदस्य को सेवानिवृत्त करता है, वहां वह उसे तीन मास की सूचना देगा या तीन मास का वेतन सेवानिवृत्ति के पश्चात् तत्काल देगा।

28. **शास्तियां.**– निम्नलिखित शास्तियां, समुचित तथा पर्याप्त कारणों से सेवा के सदस्यों पर आरोपित की जा सकेंगी, अर्थात्:–

(एक) निन्दा;

(दो) वेतन वृद्धि या पदोन्नति को रोकना;

(तीन) आदेश के भंग या उपेक्षा के कारण परिषद् को हुई किसी वित्तीय हानि की पूर्ण या आंशिक रूप में वेतन से वसूली;

(चार) निचले पद या समयमान अथवा समयमान में निचले स्थान में पदावनति;

(पांच) भविष्य में नियोजन के लिए अपात्रता के कारण सेवा से हटाना;

व्याख्या– निम्नलिखित, इस नियम के अर्थ के अंतर्गत शास्ति नही होगी, अर्थात्:–

(एक) निम्नलिखित की सेवाओं का समापन,–

(क) परिवीक्षा पर नियुक्त शासकीय सेवक की, उसकी नियुक्ति की शर्तों या ऐसी परिवीक्षा को शासित करने वाले नियम और आदेश के अनुसार उसके परिवीक्षा की कालावधि की समाप्ति के दौरान या समाप्ति पर; अथवा

(ख) नियुक्त अस्थायी शासकीय सेवक की, आगामी आदेश तक, इस आधार पर कि उसकी सेवाओं की आवश्यकता नही रह गई है; अथवा

(ग) शासकीय सेवक की, जो अनुबंध के अनुसार नियोजित हो, ऐसे अनुबंध की शर्तों के अनुसार।

(दो) परिवीक्षाधीन की सेवा से सेवामुक्ति का, उसकी परिवीक्षा की कालावधि के दौरान या उसके अंत में, विशिष्ट दोष के लिए या सेवा हेतु उसकी अनुपयुक्तता के आधार पर, इस नियम के अंतर्गत हटाये जाने के रूप में अर्थ नहीं लगाया जायेगा।

(तीन) शासकीय सेवक को उसके वेतन के समयमान में दक्षतावरोध पर अवरोध को पार करने की उसकी अयोग्यता के आधार पर रोके जाना।

(चार) शासकीय सेवक की, उसके मामले में विचार करने के पश्चात् सेवा के उस श्रेणी या पद, जिसके लिए मूल रूप से या स्थानापन्न हैसियत से पदोन्नति हेतु पात्र है, गैर पदोन्नति।

(पांच) सेवा के सदस्य की वापसी, जो कि उच्चतर पद में स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहा हो, मूल पद पर इस कारण से जैसे कि नियमित पदधारी का प्रशिक्षण या प्रतिनियुक्ति से वापसी या अधिक उपयुक्त व्यक्ति की उपलब्धता का पदावनति के रूप में अर्थ नहीं लगाया जायेगा।

29. **प्राधिकारी जो शास्तियां आरोपित कर सकता है.**– (1) नियुक्ति प्राधिकारी, नियम 28 के खण्ड (एक) से (तीन) में वर्णित शास्तियां, सेवा के किसी भी सदस्य पर आरोपित कर सकेगा।

(2) अधिनियम तथा इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, नियम 28 के खण्ड (चार) एवं (पांच) में वर्णित शास्तियां, केवल आयोग से परामर्श के पश्चात्, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा आरोपित की जायेगी।

30. **कतिपय शास्तियों को आरोपित करने के लिए प्रकिया.**– (1) लोक सेवक (जांच) अधिनियम, 1850 (1850 का सं. 37) में अंतर्विष्ट उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, नियम 28 के खण्ड (चार) एवं (पांच) के अधीन शास्तियों को सेवा के किसी भी सदस्य पर, तब तक आरोपित नहीं किया जायेगा, जब तक कि उसे लिखित में उन आधारों की जानकारी, जिन पर कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है की सूचना न दे दी गई हो तथा उसके स्वयं की प्रतिरक्षा के लिए समुचित अवसर प्रदान न कर दिया गया हो।

(2) उन आधारों को, जिन पर कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है, विशिष्ट आरोप के रूप में रखा जायेगा, जिसकी प्रतिलिपि सेवा के सदस्य को दस्तावेजों की सूची तथा परिस्थितियां, जिन पर प्रत्येक आरोप आधारित हो और जिनका आदेश देते समय विचार किया जाना प्रस्तावित हो, के विवरण के साथ परिदत्त/संसूचित की जायेगी।

(3) सेवा के सदस्य को, ऐसे समय के भीतर, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी विहित करे उसकी प्रतिरक्षा के लिखित कथन प्रस्तुत करने के लिए तथा यह बताने के लिए कि क्या वह वैयक्तिक रूप से सुने जाने तथा कोई साक्ष्य प्रस्तुत करने की वांछा करता है, अपेक्षित किया जायेगा।

(4) सेवा का आरोपित सदस्य अपना लिखित कथन तैयार करने के लिये, नगरपालिका के किसी अभिलेख के लिये निवेदन कर सकेगा, किन्तु नियुक्ति प्राधिकारी, कारणों को अभिलिखित करने के पश्चात्, ऐसी अनुमति से इन्कार कर सकेगा, यदि उसकी राय में ऐसे अभिलेख, मामले से सुसंगत न हों या यदि ऐसे उपलब्ध दस्तावेजों को बनाना वांछनीय न हो या लोकहित या राज्य की सुरक्षा के विरूद्ध हो।

(5) सेवा के सदस्य से लिखित कथन प्राप्त होने पर या यदि विहित समयावधि के भीतर, ऐसी लिखित उत्तर प्राप्त न हो तो नियुक्ति प्राधिकारी, यदि वह आवश्यक समझे, सेवा के सदस्य के विरूद्ध लगाये गये आरोपों की जांच करने के लिए, उप–नियम (6) में अंतर्विष्ट प्रावधानों के अनुसार जांच अधिकारी नियुक्त कर सकेगा।

(6) यदि सेवा का सदस्य, वैयक्तिक रूप से सुने जाने की इच्छा करे तो उसे सुना जायेगा। यदि वह मौखिक जांच की इच्छा करे या यदि नियुक्ति प्राधिकारी इस प्रकार जांच के लिये आदेश दे तो जांच अधिकारी, तदनुसार जांच करेगा, ऐसी जांच में साक्षी को केवल ऐसे अभिकथनों के संबंध में सुना जायेगा जो स्वीकार न किये गये हों और सेवा का आरोपित सदस्य, उन साक्षियों को बुलवाने एवं प्रतिपरीक्षण कराने हेतु स्वतंत्र होगा:

परन्तु जांच अधिकारी ऐसे कारणों के लिये जो लिखित में लिपिबद्ध किये जायेंगे, किसी साक्षी को बुलाने से इन्कार कर सकेगा, यदि उसकी राय में ऐसे साक्षी का साक्ष्य सुसंगत या सारवान न हो।

(7) जांच की समाप्ति पर जांच अधिकारी, प्रत्येक आरोप के संबंध में उनके कारणों सहित उसका निष्कर्ष अभिलिखित करते हुए, जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा तथा यदि जांच की कार्यवाहियां मूलतः लगाये गये आरोपों से भिन्न आरोप स्थापित करती हों, तो वह ऐसे आरोपों के संबंध में अपने निष्कर्ष भी उपलब्ध करायेगा:

परन्तु ऐसे आरोपों पर निष्कर्ष अभिलिखित नहीं किये जायेंगे, जिसके संबंध में आरोपित सदस्य ने उन आधारों को स्वीकार न कर लिया हो या जिसके संबंध में उसको अपनी प्रतिरक्षा करने का अवसर न दिया गया हो।

(8) जांच के अभिलेख में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे, अर्थात्:–

(क) सेवा के सदस्य के विरूद्ध विरचित किये गये आरोप तथा उप–नियम (2) के अधीन उसको दिये गये आरोपों का विवरण;

(ख) उसकी प्रतिरक्षा का लिखित कथन, यदि कोई हो;

(ग) जांच के दौरान लेखबद्ध साक्ष्य;

(घ) राज्य शासन द्वारा जारी किये गये आदेश, यदि कोई हो और जांच के संबंध में जांच रिपोर्ट; और

(ङ) प्रत्येक आरोप के संबंध में निष्कर्ष और उसके कारण देते हुए रिपोर्ट।

(9) नियुक्ति प्राधिकारी जांच के अभिलेख पर विचार करेगा और यह विनिश्चित करेगा कि जांच अधिकारी के कौन से निष्कर्षों को उसके द्वारा स्वीकार किया जायेगा।

(10) यदि नियुक्ति प्राधिकारी लिखित या स्वीकार किये गये आरोपों पर ध्यान देते हुए, नियम 28 के खण्ड (चार) से (पांच) में उल्लिखित शास्तियों में से कोई भी एक शास्ति आरोपित करने के संबंध में अनंतिम निर्णय पर पहुंचता है तो वह,–

(क) सेवा के सदस्य को उनके विनिश्चय सहित जांच रिपोर्ट की एक प्रति तामिल करेगा; और

(ख) क्यों न ऐसा आदेश प्रस्तावित कार्यवाही के संबंध में पारित किया जाना चाहिये के संबंध में विनिर्दिष्ट समय के भीतर उसे कारण बताओ सूचना तामिल करेगा।

(11) नियुक्ति प्राधिकारी, उसके द्वारा अभिलिखित या अनुमोदित निष्कर्षों तथा उप–नियम (10) के अधीन सेवा के सदस्य द्वारा प्रस्तुत प्रति–तर्क, यदि कोई हो, पर विचार करने के पश्चात् यह विनिश्चित करेगा कि सेवा के सदस्य पर कौन सी शास्ति, यदि कोई हो, आरोपित की जानी चाहिये और नियम 31 में अंतर्विष्ट उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, मामले पर समुचित आदेश पारित करेगा तथा इस प्रकार पारित किये गये आदेश, सेवा के सदस्य पर तामिल किया जायेगा।

31. **कतिपय शास्तियों को आरोपित करने हेतु प्रकिया.**– (1) सेवा के सदस्य पर खण्ड (एक) से (तीन) के अधीन किसी शास्ति को आरोपित करने का आदेश तब तक पारित नहीं किया जायेगा, जब तक कि:–

(क) सेवा के सदस्य को उसके विरूद्ध की जाने वाली प्रस्तावित कार्यवाही के संबंध में सम्यक् संसूचना के साथ ही वे आधार जिन पर ऐसी कार्यवाही करने का प्रस्ताव किया गया हो, की दस्तावेजों की प्रतिलिपि न दे दी गई हो और उसे ऐसा प्रति–तर्क, यदि वह इच्छुक हो, करने का अवसर न दे दिया गया हो; और

(ख) ऐसे प्रति–तर्क, यदि कोई हो, पर नियुक्ति प्राधिकारी अथवा इस प्रकार प्राधिकृत किसी अधिकारी ने विचार न किया हो तथा यह आदेश सेवा के सदस्य को संसूचित न कर दिया गया हो।

(2) ऐसे मामले में, कार्यवाहियों के अभिलेख में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे, अर्थात्:–

(एक) सेवा के सदस्य के विरूद्ध प्रस्तावित दंड के प्रज्ञापन की प्रति;

(दो) उसको संसूचित किये गये अभिकथन के विवरण की प्रति;

(तीन) उसका प्रति–तर्क, यदि कोई हो;

(चार) इस हेतु मामले में पारित आदेश उसके कारणों सहित।

32. **कतिपय मामलों में विशेष उपबंध.**– जब किसी सेवा के सदस्य पर उस आचरण के आधार पर शास्ति आरोपित की जाती है, जो उसे किसी आपराधिक आरोप का दोषसिद्ध ठहराये, तो नियम 30 तथा 31 के उपबंध लागू नहीं होंगे तथा दण्ड देने वाला प्राधिकारी मामले पर विचार करने के पश्चात् एवं आयोग से परामर्श, जहां ऐसा परामर्श आवश्यक है, करने के पश्चात् ऐसा आदेश पारित कर सकेगा, जैसा कि वह उचित समझे।

33. **अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित होने पर निलंबन.**– (1) आरोपों के स्वरूप तथा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, यदि नियुक्ति प्राधिकारी तथा अनुशासनिक प्राधिकारी इस बात से सहमत हो जाता है कि सेवा का सदस्य जिसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित हो, निलंबित करना आवश्यक या वांछनीय है, तो वह अधिनियम की धारा 86 की उप–धारा (2) में अंतर्विष्ट उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, नियुक्ति प्राधिकारी या संचालक, निलंबित करने का आदेश पारित कर सकेगा।

(2) यदि सेवा का कोई सदस्य, चाहे आपराधिक या किसी अन्य आरोप में अड़तालीस घण्टों या अधिक की कालावधि तक पुलिस की अभिरक्षा में रहे, तो वह ऐसे अभिरक्षा की तारीख से निलंबित समझा जाएगा।

(3) सेवा के किसी सदस्य के विरूद्ध आपराधिक आरोप पर आपराधिक कार्यवाहियां लंबित हो तथा आरोप, नगरपालिका के कर्मचारी के रूप में उसके कर्तव्यों से संबंधित हो या यदि उनसे नगरपालिका में उनके कर्तव्य के निर्वहन में बाधा पड़ने की संभावना हो या उनमें नैतिक अधोपतन शामिल हो, तो नियुक्ति प्राधिकारी, अपने विवेक से, कार्यवाही समाप्त होने तक उसे निलंबित कर सकेगा।

34. **निलंबन की कालावधि के दौरान निर्वाह भत्ता.**— सेवा का सदस्य, जो निलंबित हो, निम्नलिखित भत्तों का हकदार होगा:—

(क) निलंबन के प्रथम वर्ष में, अवकाश नियमों के अधीन उस औसत अवकाश वेतन की धनराशि के आधे की दर से निर्वाह भत्ता तथा उसके पश्चात्वर्ती कालावधि के लिए ऐसे वेतन के तीन का आठ (३/८) भाग।

